बीईएमएल लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)
बीईएमएल सौधा, 23/1, चौथा मेन रोड, संपंगिरामनगर, बेंगलूर – 560 027, भारत
BEML LIMITED
(A Govt. of India Undertaking)
BEML Soudha, 23/1, 4th Main, Sampangirama Nagar, Bangalore-560 027, INDIA

विशेषज्ञ की नियुक्ति

बीईएमएल लिमिटेड, जिसे खनन और निर्माण, रेल और मेट्रो और रक्षा और वांतरिक्ष जैसे विभिन्न क्षेत्रों में अपने गुणवत्तावाले उत्पादों और सेवाओं के लिए जाना जाता है, एक विविध कंपनी के रूप में बाज़ार में अग्रणी कंपनी है, जिसका विश्व में एक बड़ा ग्राहक आधार है।

जैसा कि ज्ञात है, मेट्रो / शहरी परिवहन सहित रेल उद्योग तेज गति से बढ़ रहा है और अर्ध उच्च गति वाली ट्रेनों और अन्य गतिशीलता समाधानों की मांग तेजी से बढ़ रही है। रक्षा और रेल व्यवसाय की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, बीईएमएल पालक्काड़ कॉम्प्लेक्स में स्थापित बुनियादी ढांचे और सुविधाओं का लाभ उठाने और रोलिंग स्टॉक घटकों के कम लागत वाले विक्रेता-आधार का उपयोग करने के लिए पालक्काड़ में एक कारख़ाना कॉम्प्लेक्स का संचालन करता है।

उपरोक्त पृष्ठभूमि के साथ, नीचे दिए अनुसार विषय पर गतिशील एवं परिणाम-उन्मुखी विशेषज्ञ को लेने का प्रस्ताव रखा गया है :

क्रम सं.	भूमिका	योग्यता	अनुभव	ऊपरी आयु सीमा
1	सलाहकार के रूप में विशेषज्ञ **(रेल बुनियादी ढांचा)** केरल राज्य में तैनात	आवेदक किसी भी विषय में स्नातक होना चाहिए। व्यवसाय प्रबंधन में स्नातकोत्तर को प्राथमिकता दी जाएगी।	आवेदक को आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए राज्य सरकार और रेलवे प्रतिष्ठान के कामकाज और रेल कनेक्टिविटी स्थापित करने की दिशा में गतिविधियों के समन्वय के लिए गहरी समझ होनी चाहिए। ➢ आवेदक को औद्योगिक क्षेत्र में एक वरिष्ठ स्तर पर काम किया होना चाहिए था और केरल सरकार में प्रमुख हितधारकों के साथ समृद्ध संपर्क होना चाहिए। ➢ आवेदक को केरल सरकार की प्रशासनिक प्रक्रियाओं के बारे में अच्छा अनुभव होना चाहिए। ➢ उन्हें केरल में स्थित होना चाहिए और स्थानीय भाषा के साथ बातचीत करने में समर्थ होना चाहिए।	64 वर्ष

<u>कार्य का विवरण और ज़िम्मेदारी :</u> सलाहकार (रेल बुनियादी ढांचा)

i) रेल कनेक्टिविटी के चरण -1 (कांजीकोड पर यार्ड) स्थापित करने के लिए मेसर्स् केरल इंडस्ट्रियल इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (किन्फ्रा) और केरल सरकार, केरल सरकार के साथ समन्वय करना।

ii) रेल कनेक्टिविटी स्थापित करने के लिए रेलवे और किन्फ्रा के साथ समन्वय करना।

iii) साइडिंग समझौते के लिए बीईएमएल और रेलवे के बीच समन्वय करना।

iv) निर्मित रोलिंग स्टॉक को बीईएमएल से यार्ड तक ले जाकर वितरण करने के लिए कार्यप्रणाली को तैयार करने और मानक संचालन प्रक्रियाओं को परिभाषित करने के लिए रेलवे के साथ समन्वय करना।

v) परियोजना के कार्यान्वयन को शुरू करने के लिए समय सीमा निर्धारित करना और सभी हितधारकों की समन्वित कार्रवाई के माध्यम से परियोजना की सफलता को सुनिश्चित करना।

vi) रेल कनेक्टिविटी परियोजना के कार्यान्वयन के प्रारंभ में आने वाले किसी भी मुद्दे का समाधान करना।

vii) नियमित आधार पर प्रगति की अद्यतन स्थिति से बीईएमएल प्रबंधन को अवगत कराना।

<u>सामान्य शर्तें</u>

i) केवल भारतीय नागरिक ही आवेदन कर सकते हैं।

ii) चयनित आवेदक को एक वर्ष की अवधि के लिए नियुक्त किए जाएंगे।

iii) ऊपर उल्लिखित आयु और अनुभव दिनांक 07.12.2020 पर निर्धारित है।

iv) आवेदकों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे निर्दिष्ट तिथि पर इस विज्ञापन में उल्लिखित पात्रता मानदंड और अन्य मानदंडों को पूरा करते हैं, और यह सुनिश्चित करें कि दिए गए सभी विवरण सभी पूर्ण रूप में सही हैं। किसी मामले में चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में यदि यह पता लगाया जाता है कि आवेदक पात्रता मानदंड को पूरा नहीं करते हैं और / या कि उसने कोई गलत / त्रुटिपूर्ण जानकारी दी है या किसी भी सामग्री / तथ्य को छिपाया दिया है, तो उनकी उम्मीदवारी अपने आप रद्द हो जाएगी। उनकी नियुक्ति के बाद यदि किसी भी कमी (कमियों) का पता लगाया जाता है, तो उनके अनुबंध को किसी सूचना के बिना समाप्त किया जा सकता है।

v) आवेदक को यह घोषित करना होगा कि उनका कोई रिश्तेदार बीईएमएल लिमिटेड या उन अन्य कंपनियों / फर्मों में काम कर रहा है जिनके साथ बीईएमएल लिमिटेड का व्यावसायिक संबंध है या संरक्षण का आनंद ले रहे हैं।

vi) आवेदक (कों) द्वारा इस विज्ञापन के नियमों और शर्तों को पूरा करने से मात्र यह नहीं समझना चाहिए कि उन्हें साक्षात्कार (ऑन-लाइन) / चयन के लिए बुलाया जाएगा।

vii) बीईएमएल लिमिटेड आवेदकों की संख्या को सीमित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

viii) बीईएमएल लिमिटेड अपने विवेक पर विज्ञापन और / या प्रक्रिया को रद्द करने का अधिकार भी रखता है।

ix) मासिक क्षतिपूर्ति उनके अनुभव / क्रेडेंशियल, अंतिम आहरित सीटीसी आदि के साथ होगी।

कैसे आवेदन करें

i) आवेदक बीईएमएल लिमिटेड की वेबसाइट (https://www.bemlindia.in/Current_job.aspx) में उपलब्ध आवेदन पत्र को डाउनलोड करके आवेदन कर सकते हैं और विस्तृत व्यक्ति वृत्त और शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, मुआवजा, प्रमुख कौशल और प्रशिक्षण, पहचान, आदि का समर्थन करनेवाले सभी दस्तावेजों (स्व साक्ष्यांकित) के साथ भरे हुए आवेदन पत्र को एकल '.pdf' फ़ाइल के रूप में बनाकर, विषय पर " सलाहकार (रेल बुनियादी ढांचा) की भूमिका के लिए आवेदन" स्पष्ट रूप में संकेत करते हुए दि. 07.12.2020 या उसके पहले पर ई-मेल द्वारा recruitment@beml.co.in को अग्रेषित कर दें।

ii) निर्धारित तिथि के अंदर प्राप्त न हुए आवेदन या छायाचित्र / हस्ताक्षर / संलग्न / उचित दस्तावेजों के बिना प्राप्त आवेदन को बिना किसी पत्राचार अस्वीकृत किया जाएगा।

मामले में किसे भी पूछताछ के लिए, उम्मीदवार दूरभाष सं.080-22963279 तथा ई-मेल आई डी : recruitment@beml.co.in द्वारा भर्ती प्रकोष्ठ से संपर्क कर सकते हैं।

तारीख :21.11.2020 (विज्ञापन सं.KP/S/07/2020)

शुद्धिपत्रपरिशिष्/ट, यदि कोई हो, तो केवल बीईएमएल वेबसाइट में ही होस्ट किया जाएगा।

******